## एक नजर में

### श्री दत्तात्रेय जन्मोत्सव पर्व मनाया गया



**मंदसौर।** दशनाम गोस्वामी समाज मंदसौर मंडल सचिव अशोक गिरी गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि दशनाम गोस्वामी समाज मालवा मेवाड़ द्वारा श्री दत्तात्रेय जन्मोत्सव पर्व के उपलक्ष्य पर शिवना नदी के तट पर श्री दत्तात्रेय मंदिर परिसर में 4 दिसंबर ,गुरुवार प्रात: 8 :00 बजे प्रतिवर्षानुसार समाज के बंधुओं द्वारा अभिषेक कर हवन पूजन किया गया एवं प्रसादी वितरण किया गया। इस शुभ अवसर पर महंत अर्जुन पूरी रूपावाली, रामेश्वर पूरी रूपावाली, गोपाल पूरी रूपावाली, भैरूपुरी ढाबला, महंत किशोर गिरी जी अचलपुरा, शंभूपुरी कितुखेड़, महेंद्र पूरी कितुखेड़ी, अशोक गिरी सेजपुरिया, नारायण गिरी भूखी, मांगू पूरी कचनार, बग़्दूगिरी मंदसौर, विनोद गिरी चंद्रपुरा मंदसौर की गरिमामय उपस्थिति में दत्तात्रेय जन्मोत्सव पर्व मनाया गया व आभार कमल भारती,मंदसौर द्वारा प्रकट कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### जिला चिकित्सालय के सामने से अतिक्रमण हटाने से सड़क सुगम हो गई, जाम और शोरगुल की समस्या से मिली राहत

**मन्दसौर।** मजदूर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार ने जिला कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग को पत्र लिखकर जिला चिकित्सालय शांत क्षेत्र से अनचाहे अतिक्रमण हटाने हेतु धन्यवाद दिया है। श्री परिहार ने कहा कि जिला चिकित्सालय जो कि एक शांत जोन क्षेत्र घोषित है, उसके आसपास स्थित अनचाहे अतिक्रमण हटाने के लिए मैं आपका हृदय से धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। लंबे समय से इस क्षेत्र में अतिक्रमण होने के कारण सड़क पर परिवहन व्यवस्था अत्यंत बाधित हो रही थी तथा जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। वाहनों का अत्यधिक शोरगुल भी होता था, जिससे अस्पताल में भर्ती मरीजों को नींद न आने, असुविधा व मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ रहा था। अब अतिक्रमण हटाए जाने से सड़क सुगम हो गई है, जिससे जाम और शोरगुल की समस्या में बड़ी राहत मिली है। विशेष रूप से आपातकालीन एम्बुलेंस के आने–जाने में भी अत्यंत सुविधा होगी, जिससे मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता प्राप्त हो सकेगी। श्री परिहार ने कहा कि अतिक्रमण हटाने से जिला चिकित्सालय के सामने स्थित दशपुर कुंज बगीचे में आने–जाने वाले बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए मार्ग अधिक सुरक्षित व सरल हो गया है। पास ही स्थित श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी अब रास्ता सुगम एवं व्यवस्थित हो गया है। इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र में बनने वाली उत्कृष्ट सड़क न केवल यातायात व्यवस्था को सुधार देगी, बल्कि शहर की प्रमुख सड़कों से भगवान श्री पशुपतिनाथ जी के मंदिर, जो सनातन हिन्दू धर्म का अत्यंत प्रमुख व प्रसिद्ध धार्मिक केंद्र है, वहाँ पहुंच को भी सुगम बनाएगी। इससे दूर–दूर से आने वाले श्र ?द्धालुओं को बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। श्री परिहार ने कहा कि यह कार्य निसंदेह जनहित में अत्यंत आवश्यक था और शहर की प्रगति व सुंदरता में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस महत्वपूर्ण व लोककल्याणकारी कार्य के लिए कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग को धन्यवाद है।

### राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हंसा करेंगी म .प्र . का प्रतिनिधित्व



**मन्दसौर।** 69 वीं राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 17 वर्ष आयु वर्ग के लिए मन्दसौर से हंसा बथमी का चयन म . प्र . एथलेटिक्स टीम में हुआ हैं, यह प्रतियोगिता 13 से 17 दिसंबर 2025 तक लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होगी। जानकारी देते हुए एन .आई .एस . जिला एथलेटिक्स कोच श्री मुकेश भटेवरा ने बताया विगत दिनों 25 से 29 अक्टूबर तक भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 17 वर्ष आयु वर्ग में छोटे फल विक्रेता अयोध्या बस्ती किटियानी निवासी श्री शंकर लाल बथमी की बेटी और कन्या उ . मा . विधालय, मन्दसौर की छात्रा हंसा बथमी ने 3000 मी . दौड़ में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर हंसा बथमी 69वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश टीम में चयनित हुई हैं, हंसा 06 से 10 दिसम्बर तक भोपाल में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता कैंप के लिए मन्दसौर से रवाना होगी, हंसा की उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, जिला शिक्षा क्रीड़ाधिकारी बंशीलाल बारीवाल, कन्या उ . मा . वी . के प्राचार्य सुदीप दास, प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविधालय के क्रीड़ाधिकारी राजू कुमार, वरिष्ठ खेल प्रभारी मन्दसौर रघुवीर मालवीय, महेंद्र शुक्ला, गौरीशंकर, खेल विभाग से श्रीमती अनुया कुलकर्णी, श्रीमती रुबीना खान, मयूर सिंह राठौर, श्री गोपाल धनगर, श्रीमती प्रियंका प्रजापत और सीनियर खिलाड़ियों ने बधाई और शुभकामनायें दी।

### बसंत के शुभागमन पर सरसों की पीली साड़ी पहनकर स्वागत को आतुर है धरती माता



**मन्दसौर।** सड़क के दोनों किनारो पर गुजरते हुए जंगल में जहां देखो वही खेतों में पीली सरसों लहलहा रही है जहां तक निगाहें जाए, ऐसा लगता है मानो हमारी? माँ वसुंधरा नेत्रों को सुकून देने वाली नयनाभिराम सरसों की पीली साड़ी पहनकर बसंत ऋतु के शुभागमन पर स्वागत करने को आतुर हो रही हो, बहुत ही प्यारा दृश्य लगता है, खेतों के किनारों से हटने को मन ही नहीं होता? । योग गुरु बंसीलाल टांक ने बताया कि औषधी रूप में सरसों का कोमल पौधा वैसे भी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही उपयोगी होता है, सर्दी के दिनों में सरसों का तेल नाक में डाल कर बाहर जाने पर सर्दी जुकाम का असर नहीं होता वैसे भी सर्दी के दिनों में विशेष करके उत्तर प्रदेश राजस्थान आदि प्रांतो में भोजन में सरसों के तेल का ही उपयोग किया जाता है। सरसों के पत्तों की सब्जी या स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है वही रुचि कर भी लगती है। सरसों के तेल की मालिश कर स्नान करने पर ठंड नहीं लगती।

# तेज रफ्तार निजी यात्री बस टकराकर होटल में घुसी , बड़ा हादसा टला

▸ **पिपलिया चौपाटी पर देर रात हादसा**

**पिपलियामण्डी।** पिपलिया चौपाटी पर बीती रात्रि एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया, जब तेज रफ्तार निजी बस दूसरी यात्री बस से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर सीधे सड़क किनारे बने होटल में जा घुसी। गनीमत यह रही कि रात का समय होने से मौके पर न तो कोई यात्री खड़ा था और न ही होटल में भीड़ थी, अन्यथा कई लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती थी।

पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना रात्रि करीब 12.30 से 12.40 बजे के बीच हुई। नागौर से हैदराबाद जा रही मीरा ट्रैवल्स की बस (एमपी 44 जेडई 7374) में लगभग 30 यात्री सवार थे। बस चालक चुतराराम मेघवाल ने पुलिस थाने पर दी शिकायत में बताया कि वे नियमित मार्ग से हैदराबाद की ओर रवाना थे। इसी दौरान मंदसौर की दिशा से आ रही पीले रंग की तेज रफ्तार अशोक लिलेंड बस ने पिपलिया चौपाटी पर अचानक यू–टर्न लिया और मीरा ट्रैवल्स की बस के आगे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बस के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं कुछ यात्रियों को मामूली चोंटे आई।



टक्कर इतनी तेज थी कि वह बस अनियंत्रित होकर सत्यम रेस्टोरेंट में जा घुसी। होटल में प्रवेश करते ही बस ने दुकान का पूरा अगला हिस्सा तोड़ दिया। भट्टी, काउंटर, शेल्फ सहित कई सामान क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही सत्यम रेस्टोरेंट के संचालक दिनेश पोरवाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में दुकान का लगभग 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। बसों के टूटे कांच, बिखरे सामान और क्षतिग्रस्त ढांचे को देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्थिति कितनी भयावह हो सकती थी, यदि यह हादसा दिन में हुआ होता।

हादसा करने वाली बिना नंबर की पीले रंग की बस का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पिपलियामंडी पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश तेज कर दी है। प्रारंभिक जांच के अनुसार लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाना दुर्घटना का मुख्य कारण सामने आ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिपलिया चौपाटी क्षेत्र दिनभर भीड़भाड़ वाला रहता है। यहां होटल के सामने यात्रियों की लगातार आवाजाही रहती है। यदि यह हादसा दिन में होता, तो स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी। कई जानें जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल पुलिस ने मीरा ट्रैवल्स बस चालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार बस चालक की पहचान की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा तैयार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय व्यापारियों और यात्रियों ने भी चौपाटी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक नियंत्रण को मजबूत करने की मांग की है।

## मंदसौर मॉडल रोड का निरीक्षण : सुव्यवस्थित यातायात व आधुनिक सुविधाओं की दिशा में बड़ा कदम

**मंदसौर। कलेक्टर अदिति गर्ग ने शनिवार को शहर में विकसित किए जा रहे मॉडल रोड प्रोजेक्ट का विस्तृत निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहा, गांधी चौराहा, भारत माता चौराहा और घंटाघर को जोड़ने वाली यह सड़क आधुनिक व सुरक्षित स्वरूप में विकसित की जा रही है।**



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि मॉडल रोड शहर के ट्रैफिक प्रबंधन को सुगम बनाएगा। आमजन से मिले सुझावों को भी कार्यों में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी और नगर पालिका को निर्देश दिए कि सड़क की नपती नियमानुसार कर, उसी आधार पर चुना लाइन से मार्किंग की जाए तथा सभी कार्य समयबद्ध व मानक अनुरूप हों। कलेक्टर ने अतिक्रमण हटाने और सुव्यवस्था बनाए रखने हेतु नगर पालिका की सराहना की। साथ ही भवनों के आगे सड़क क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माण तुरंत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका और ट्रैफिक पुलिस को प्रतिदिन संयुक्त रूप से व्यवस्था संभालने को कहा। मॉडल रोड पर साइक्लिंग ट्रैक विकसित करने तथा एमपीईबी द्वारा अंडरग्राउंड केबलिंग व ट्रांसफॉर्मर शिफ्टिंग के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि नगर पालिका के नए निर्माण कार्यों से सड़क को आधुनिक स्वरूप मिल रहा है। यह मॉडल रोड पैदल यात्रियों, वाहनों और आम नागरिकों को सुरक्षित व सुगम यातायात उपलब्ध कराएगा। पार्किंग व्यवस्था सुधारने से ट्रैफिक जाम में भी कमी आएगी।

मॉडल रोड के पूर्ण होने पर मंदसौर शहर आधुनिक, स्वच्छ और सुरक्षित यातायात व्यवस्था वाला नया स्वरूप हासिल करेगा।

## मंदसौर में रोटरी मंडल 3040 नॉर्थ क्लस्टर की भव्य चौपाल कल

**मन्दसौर। रोटरी मंडल 3040 के नॉर्थ क्लस्टर की भव्य चौपाल का आयोजन 7 दिसंबर, रविवार को मंदसौर के समीप भैंसासुरी माताजी काका गाडगिल सागर डेम, मल्हारगढ़ पर होने जा रहा है। इस कार्यक्रम की मेजबानी रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा की जाएगी।**

इस चौपाल में नॉर्थ क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले रतलाम, मंदसौर, नीमच, मनासा, नागदा सहित आसपास के शहरों से बड़ी संख्या में रोटेरियन सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज हित में रोटरी क्लबों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों का मूल्यांकन, अनुभवों का आदान–प्रदान और भविष्य की दिशा पर संवाद स्थापित करना है।

आयोजन के दौरान 'समाज सेवा में रोटरी की सहभागिता' विषय पर परिचर्चा होगी, जिसमें क्लस्टर के रोटरी क्लबों द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही समाजहित में उत्कृष्ट योगदान देने वाले क्लबों और रोटेरियनों को सम्मानित भी किया जाएगा।

रोटरी मंडलाध्यक्ष सुशील मल्होत्रा ने बताया कि इस आयोजन से रोटरी क्लबों के बीच सहयोग और सामंजस्य को बढ़ावा मिलेगा, जिससे रोटरी की सेवा परियोजनाएं में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। चौपाल के जरिए इन्हीं प्रयासों को और गति देने का संदेश दिया जाएगा।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की उपस्थिति भी प्रस्तावित है। उन्होंने इस आयोजन में सम्मिलित होने की सहमति प्रदान की है। इस अवसर पर अध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी ने कहा कि चौपाल सभी क्लबों को एकजुट होकर आगे बढ़ने का मंच प्रदान करेगी। सचिव कपिल भंडारी ने बताया कि आयोजन की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं और क्लब सदस्यों में उत्साह का माहौल है। इवेंट चेयर सुधीर लोढ़ा ने कहा कि चौपाल के माध्यम से रोटरी सदस्यों के बीच आपसी सामंजस्य और सौहार्द बढ़ेगा।

सहायक मंडलाध्यक्ष संजय गोठी ने बताया कि विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी साझा किए जाने से नए विचारों को प्रोत्साहन मिलेगा। चौपाल में अतिथियों के संबोधन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और रोटेरियनों के बीच संवाद का आयोजन रहेगा। इस आयोजन से न केवल नॉर्थ क्लस्टर के क्लबों में ऊर्जा और प्रेरणा प्रसारित होगी बल्कि समुदाय में रोटरी की सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना और व्यापक रूप से पहुंचेगी।

## श्री मोगिया गोंड आदिवासी समाज सेवा संगठन ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

▸ **अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को जारी करने की मांग की गई**



**मंदसौर।** मंदसौर जिला सुशासन भवन पहुंचकर श्री मोगिया गोंड आदिवासी समाज सेवा संगठन द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमे मोगिया समाज को आदिवासी समाज मानते हुए अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की गई।

मांग मे अध्यक्ष घीसालाल भाटी हरमाला ने बताया की माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर की डब्ल्यू.पी. 46037/2025 श्री मोगिया गोड आदिवासी विरूद्ध मध्यप्रदेश शासन आदेश दिनांक 28/11/2025 के पालन में मोगिया समाज को आदिवासी माना गया है। श्री ्भटी ने प्रेस को बताया की श्री मोगिया गोंड आदिवासी समाज सेवा संगठन म.प. की ओर से निम्नवत् निवेदन है की हमारा मोंगिया समाज मंदसौर जिले में काफी कमजोर होकर गरीबी जीवन यापन करता है एवं हमारा समाज के पूर्व में वर्ष 2015 से 2019 तक अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी किये गये थे किंतु राजनीतिक द्वेष के कारण हमारे समाज के प्रमाण पत्र जारी होना बंद हो गये थे।

उक्त प्रमाण पत्र राजस्व विभाग के द्वारा नहीं जारी करने से हमारे समाज के विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र के अभाव में काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। विद्यार्थियों को पूर्व में अनुसूचित जनजाति के प्रमाण पत्र बने हुवे है किंतु उनके समग्र आई.डी. मे एस.टी. दर्शित नहीं होते हुवे उनका पोर्टल बंद कर दिया है जिसको चालु किया जाना आवश्यक है। समाज के पुर्व में किसी के पिता भाई बहन, काका, भतीजा आदि के अनुसूचित जनजाति के प्रमाण पत्र जारी किये गये है आगे से ऐसे प्रमाण पत्रो को जांच करने आवश्यकता नही है बिना जांच के ही दस्तावेज को देखकर जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाये। माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर की डब्ल्यू.पी. 46037/2025 श्री मोगिया गोड आदिवासी विरूद्ध मध्यप्रदेश शासन आदेश दिनांक 28/11/2025 के पालन में सक्षम अधिकारी को आदेशित करते हुवे मध्यप्रदेश के एवं सेंट्रल गवर्नमेंट के प्रमाणपत्र अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को जारी करने की मांग की गई।



## एचडीएफसी बैंक भानपुरा शाखा में रक्तदान शिविर, 50 यूनिट रक्त संग्रहित

**भानपुरा।** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड शाखा भानपुरा के तत्वावधान में, भारत विकास परिषद शाखा न्यू टारगेट एकेडमी एवं रक्तदाता समूह के विशेष सहयोग से 5 दिसंबर को बैंक परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में झालावाड़ 'रक्तिमा टीम' द्वारा कुल 50 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

शिविर प्रभारी नितेश शर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, दीपक सोनी, मनोज वाधवा, सूर्यप्रकाश (सन्नी) भट्ट, दीपक माली, शानू कुरैशी, मोहसिन कुरैशी एवं दीपक कोरिया ने क्षेत्रवासियों से पूर्व में रक्तदान के लिए अपील की थी। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक संचालित रहा। आयोजकों ने रक्तदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए सभी दाताओं का आभार व्यक्त किया।




## आठ कंपनियों में 240 युवक–युवतियों का प्राथमिक चयन

**मंदसौर।** जिला रोजगार अधिकारी श्री प्रशांत मैड़ा ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में जिले में रोजगार उन्मुख गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नयाखेड़ा मंदसौर में किया गया।

इस मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मन्दसौर, लीड बैंक के संयुक्त समन्वय से किया गया। मेले में कुल 360 युवक–युवतियों ने पंजीयन कराया, जिनका आठ विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लिया गया। कंपनियों द्वारा कुल 240 युवक–युवतियों का प्राथमिक चयन किया गया।

मेले में उपस्थित विभिन्न विभागों द्वारा युवक–युवतियों को स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 44 लाख रुपये तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा 12 लाख रुपये के चेक हितग्राही समूहों को वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग सहित अनेक शासकीय विभागों द्वारा सूचना–परामर्श हेतु स्टॉल भी लगाये गये। मेले का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला द्वारा किया गया।

**एक नजर** ▸ कृषकों व विद्यार्थियों को दी कृषि तकनीकियों की जानकारी

## कृषि विज्ञान केन्द्र ने कनघट्टी में विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस मनाया



**मन्दसौर।** 5 दिसंबर 2025 को मल्हारगढ़ विकासखंड के ग्राम कनघट्टी में विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। मृदा की स्वास्थ्य और उपजाऊ बनाए रखने के लिए डॉ. जी. एस. चुंडावत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र ने किसान भाइयों को फसल चक्र, फसल विविधीकरण, संतुलित उर्वरकों, कृषि अपशिष्ट प्रबंधन आदि पर विस्तार पूर्वक तकनीकी जानकारी प्रदान की और कहा कि जिस प्रकार खेत का पानी खेत में एक नारा बुलंद किया गया था उसी प्रकार से संपूर्ण कृषक समुदाय को 'खेत का कचरा खेत में' के नारो को बुलंद करते हुए अमल करना चाहिए ताकि विकृति हुई मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा को बढ़ाया जा सके जिससे टिकाऊ खेती की जा सके एवं अन्य प्रकार की रासायनिक एवं उर्वरकों के दुष्प्रभावों को कम किया जा सके। फसलों की उत्पादन लागत को घटाया जा सके सभी उपस्थित कृषक भाइयों ने एक मत से सहमति जताई कि हम सभी पराली को नहीं जलाएंगे एवं उसका उपयोग कंपोस्ट एवं केंचुआ खाद बनाकर के पुन: खेतों में उपयोग करेंगे। साथ ही साथ रासायनिक उर्वरकों को धीरे धीरे कम करते हुए जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर जोर देंगे और सबसे पहले घर परिवार को स्वच्छ एवं जहर मुक्त भोजन उपलब्ध कराएंगे। और धीरे–धीरे प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ते हुए अन्य उपभोक्ताओं को भी जहर मुक्त भोजन उपलब्ध उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे। इस गांव में अध्यनरत कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने भी मृदा स्वास्थ्य जांच पत्रक को पढ़ने एवं अपने परिवार को उसके अनुरूप संतुलित मात्रा में एवं आवश्यक पोषक तत्वों को ही प्रयोग करने की सलाह देंगे जिससे फसलों की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में वृद्धि की जा सके एवं लागत को काम किया जा सके। इस कार्यक्रम में पंकज पाटीदार जनपद सदस्य मल्हारगढ़, ललित पाटीदार एवं बद्री लाल चौहान सॉलिडऐडेड भी उपस्थित थे तथा गवर्नमेंट सीनियर हाई सेकेंडरी स्कूल के अंकिता शर्मा ने भी अपनी इस कार्यक्रम में सहभागिता की।